हरिभूमि
# विंध्य भूमि
5
जबलपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

## खबर संक्षेप

### युवक पर जानलेवा हमला

**सतना।** अमरपाटन के ग्राम खजूरी ईटमा के पास बीती देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ नहर खुदाई के कार्य में लगे युवक नीरज पटेल पर दो अज्ञात युवकों ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार,ग्राम ताला से आए दो युवकों ने पीड़ित नीरज से नहर की मिट्टी मांगी थी। नीरज द्वारा मिट्टी देने से मना करने पर युवक आक्रोशित हो गए और मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने लोहे की रॉड से नीरज के सिर पर वार किया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित अपने परिजनों के साथ देर रात अमरपाटन थाना पहुँचा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### फिर सक्रिय हुआ पशु तस्करी का गिरोह

**सतना।** कोठी क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी का काला खेल एक बार फिर जोर पकड़ने लगा है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तस्करी का यह नेटवर्क फिर से सक्रिय किया गया है।पशुओं से लदे ट्रक सतना,कोठी और मझगवां के रास्ते धड़ल्ले से निकल रहे हैं। बीती रात लगभग 2 बजे भी अवैध रूप से जानवरों की तस्करी देखी गई। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि प्रशिक्षु आईपीएस मनीष भारद्वाज के कार्यकाल के दौरान इन तस्करों में खौफ का माहौल था,लेकिन वर्तमान में जिम्मेदार अधिकारी 'कुंभकर्णी नींद' में सोए हुए हैं।गश्त के नाम पर खानापूर्ति और मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है।

### मैहर में अलाव की व्यवस्था मात्र 'औपचारिकता'

**मैहर।** भीषण ठंड और कोहरे के बावजूद मैहर नगर पालिका द्वारा अलाव की पर्याप्त व्यवस्था न किए जाने से नागरिक परेशान हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रमुख चौराहों पर जो लकड़ियाँ डाली जा रही हैं,वे बेहद कम और छोटे टुकड़ों में हैं,जो मुश्किल से 2-4 घंटे ही जल पाती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ की इस उदासीनता का खामियाजा दूर-दराज से आने वाले दर्शनार्थियों,बुजुर्गों और बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में सूखी लकड़ियों और निरंतर निगरानी की व्यवस्था की जाए।

### देवरी में मेंटेनेंस के नाम पर भ्रष्टाचार के आरोप

**मैहर।** मैहर तहसील के देवरी ग्राम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किए जा रहे मेंटेनेंस कार्य में भारी अनियमितता के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क सुधार के नाम पर केवल लीपापोती की जा रही है और घटिया डामरीकरण के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के हवाले से ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या जिला प्रशासन इस भ्रष्टाचार की जांच कराएगा? गौरतलब है कि इससे पहले भी हरनामपुर-गिरगिटा रोड में भ्रष्टाचार की बात सामने आई थी,लेकिन अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों को बचाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी नाराजगी जताई है।

### समाजसेवी दीपक ने अमावस्या मेले पर बांटे कंबल

**मैहर।** शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए चित्रकूट अमावस्या मेला के अवसर पर युवा समाजसेवी दीपक मिश्रा द्वारा मैहर मंदिर क्षेत्र में गरीब और निराश्रित लोगों को 200 से अधिक कंबल वितरित किए गए। दीपक मिश्रा ने 'नर सेवा ही नारायण सेवा' का संदेश देते हुए कहा कि भीषण ठंड में असहाय लोगों की मदद करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।इस सेवा कार्य में गौरव तिवारी,अजय शुक्ला, राजू पाण्डेय और शारदा मिश्रा सहित अन्य युवाओं ने सक्रिय सहयोग दिया। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की है।

### 7 महीने से लापता नाबालिग बालिका छिंदवाड़ा से बरामद

**सतना।** रामपुर बाघेलान पुलिस ने मई माह से लापता एक नाबालिग बालिका को छिंदवाड़ा जिले से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। 6 मई को फरियादी ने अपनी पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक डॉ.हंसराज सिंह के निर्देशन में सायबर सेल की मदद से संदिग्ध नंबरों को ट्रैक किया गया। सउनि राजेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में टीम ने बालिका को ग्राम बाकोडी,थाना दमुआ ( छिंदवाड़ा) से बरामद किया। पूछताछ और बयान में बालिका ने बताया कि वह माता-पिता से नाराज होकर घर से चली गई थी और वहां मजदूरी कर रही थी। वैधानिक कार्यवाही के बाद बालिका को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है।

# मासूमों की रगों में 'जहर': ब्लड बैंक कांड में अपनों को बचाने और छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाने का खेल!

**सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में थैलेसीमिया पीड़ित छह मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने का मामला अब भ्रष्टाचार,प्रशासनिक लापरवाही और पक्षपात की भेंट चढ़ता दिख रहा है।**

सतना।

एक ओर जहां केंद्र और राज्य की टीमें जांच की खानापूर्ति कर रही हैं,वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य महकमे के रसूखदारों को बचाने के लिए केवल तीन लैब टेक्नीशियनों को निलंबित कर 'इतिश्री' कर ली गई है।




### बड़े चेहरों को अभयदान,छोटे कर्मचारियों पर गिरी गाज

सवाल यह उठता है कि क्या ब्लड बैंक की पूरी व्यवस्था सिर्फ तीन टेक्नीशियन ही चला रहे थे? सूत्रों की मानें तो जांच के नाम पर केवल छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया गया है,जबकि कई अन्य टेक्नीशियन और जिम्मेदार अधिकारी अभी भी अपनी कुर्सियों पर जमे हुए हैं। 1 अप्रैल को नोडल ऑफिसर द्वारा सूचना देने और 5 अप्रैल को डोनर लिस्ट सौंपने के बावजूद,कार्रवाई की सुई केवल तीन लोगों पर आकर क्यों रुक गई? क्या इसके पीछे किसी बड़े रसूखदार को बचाने की साजिश है। अस्पताल प्रबंधन की संवेदनहीनता का आलम यह है कि एक तरफ संक्रमण से हड़कंप मचा है,वहीं दूसरी ओर ब्लड बैंक में टेक्नीशियनों की कमी का हवाला देकर एक हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव व्यक्ति को तैनात करने की कोशिश की जा रही है। क्या प्रशासन अब मरीजों की जान से सरेआम खिलवाड़ करने पर उतारू है?

### मशीनरी के नाम पर बड़ा घोटाला

नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन की डॉ.शोभिनी राजन के नेतृत्व वाली टीम ने मुंबई की सूर्या चैरिटेबल ट्रस्ट की बड़ी गड़बड़ी पकड़ी है। क्लिया मशीन में रीजेंट खत्म होने पर कम सटीक 'एंटीजन किट' से जांच की जा रही थी,जिससे संक्रमण पकड़ में नहीं आया।

### निजी अस्पतालों की मनमानी

बिरला अस्पताल के ब्लड बैंक में 50 दिन पुराना खून का स्टॉक मिला,जबकि नियमतः 42 दिन से ज्यादा पुराना खून उपयोग नहीं किया जा सकता। समन्वय का अभावः ब्लड बैंक और आईसीटीसी के बीच आपसी तालमेल शून्य है,जिसके कारण संक्रमित डोनर्स की जानकारी समय पर साझा नहीं की जा रही।

### कहां-कहां से चढ़ा संक्रमित खून?

जांच में यह भी सामने आया है कि इन मासूमों को केवल जिला अस्पताल ही नहीं,बल्कि बिरला अस्पताल (सतना),जबलपुर, नागपुर और बिलासपुर के अस्पतालों में भी खून चढ़ाया गया था। ऐसे में यह संक्रमण का जाल कितना फैला हुआ है, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

### तीखे सवाल जिनका जवाब प्रशासन के पास नहीं

जब 'क्लिया' मशीन का रीजेंट खत्म था,तो जिम्मेदारों ने एलाइजा मेथड क्यों नहीं अपनाया? क्या सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल सिर्फ 'खून के सौदागरों' का अड्डा बन चुका है? क्या उन रसूखदार डॉक्टरों और नोडल अधिकारियों पर कार्रवाई होगी जिनकी नाक के नीचे यह मौत का व्यापार चल रहा था? यह कांड केवल एक मेडिकल लापरवाही नहीं,बल्कि प्रशासनिक हत्या का प्रयास है। यदि जांच केवल तीन निलंबन तक सीमित रही,तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि तंत्र को मासूमों की जान से ज्यादा अपनी साख और भ्रष्ट सप्लायरों की चिंता है।

### ब्लड बैंक सुचारू रूप से चले हम यह व्यवस्था बना रहेः सीएमएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनोज शुक्ला ने कहा-मासूम बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाया जाने के मामले की उच्चस्तरीय जांच समितियां जांच कर रही हैं,हम इस बात की व्यवस्था बनाने में लगे हैं कि ब्लड बैंक सुचारू रूप से चले,ताकि नागरिकों को परेशानी ना हो।



# नागौद पुलिस की बड़ी कार्रवाई हत्या के प्रयास के आरोपी गिरफ्तार

सतना।

नागौद थाना क्षेत्र में जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। घटना 21 दिसंबर की रात की है,जब पुरानी रंजिश या विवाद के चलते आरोपियों ने फरियादी के मित्र पर जानलेवा हमला किया था।फरियादी ईशू नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह अपने साथी राहुल उर्फ सम्राट कुशवाहा के साथ बाइक से जारहा था,तब पिंटू नामदेव के घर के पास आरोपियों ने उन्हें रोका। गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने सम्राट कुशवाहा पर लकड़ी की पट्टी से सिर,नाक और चेहरे पर जानसे मारने की नीयत से हमला किया।थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को दस्तयाब किया। गिरफ्तार आरोपी छोटू ढीमर उर्फ मोहित 22 वर्ष,अभिषेक कुमार डोमार 20 वर्ष और एक अन्य अपचारी (नाबालिक) है। आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### लायंस क्लब ने 80 जरूरतमंदों को दिए कंबल



**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब सतना 'हेल्पिंग हैंड्स' द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब्स इंटरनेशनल (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) के सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व रीजन चेयरमैन लायन आलोक त्रिपाठी ने की,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में लायन संतोष सक्सेना और लायन जसविंदर सिंह भाटिया उपस्थित रहे। सचिव लायन कृष्ण कुमार द्विवेदी ने जानकारी दी कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए 80 जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किए गए हैं। इस दौरान सुकीर्त त्रिपाठी,सूर्यकमल त्रिपाठी और राजा पयासी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# चढ़ने लगा विन्ध्य व्यापार मेले का रंग, कड़ाके की सर्दी के बीच उमड़ रही भीड़





सतना।

विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा 19 से 29 दिसम्बर तक आयोजित 12 वें 11 दिवसीय विन्ध्य व्यापार मेले के तीसरे दिन अतिथि के रूप मे पधारे चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा ने कहा कि विन्ध्य व्यापार मेला ग्वालियर,उज्जैन मेले से भी से भी ज्यादा प्रगतिशील है। मेला और अच्छा बनाने मे किसी भी तरह सहयोग होगा जिसके लिए मैं तत्पर्य हूं साथ ही कहा कि व्यापार मेला का स्तर गांवो तक बढ़ने से यहां का भी व्यापार प्रगति करेगा। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि व्यापार मेले के रंग हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता जा रहा है जहां एक ओर स्टॉल धारकों ने स्टॉल को भव्यता देने में लगे है वही मेला कार्य समिति नित्य नये प्रयोग कर मेला का आर्कषक बना रही है। साथ ही बताया कि सांस्कृतिक मंचीय विन्ध्य संस्कृति संगम (सर्व समाज) द्वारा शानदार प्रस्तुतिया दी गई। स्वागत समिति के संयोजक हिमांशु अरोरा ने बताया कि रविवार को चित्रकूट के विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार,रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह,अमरपाटन के पूर्व विधायक रामखेलावन पटेल,चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष द्वारिका गुप्ता,पूर्व महामंत्री ऋषि अग्रवाल, क्लाथ मर्चेन्ट एसो. के अध्यक्ष फेरूमल तोलवानी,गल्ला तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष,पुष्पेन्द्र द्विवेदी,सतना डिस्ट्रिक डिस्ट्रीब्यटर्स के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, इलेक्ट्रिकल मर्चेन्ट एसो. के अध्यक्ष, कमल मंघनानी,टिम्बर मर्चेन्ट एसो. के अध्यक्ष लखन पटेल हिन्दू पर्व समिति के मणिकान्त माहेश्वरी, डॉ.सुनील अग्रवाल,डॉ राकेश अग्रवाल,विपुल हाण्डा,नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, कोलगवां टी.आई कुलदीप सोनी अतिथि के रूप मे पधारे कार्यक्रम की अध्यक्षता चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने की एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्युत व्यवस्था प्रभारी हीरामणि जायसवाल ने बताया कि पूरे मेले में बिजली की गैर बाधित सप्लाई के लिए जनरेटर की पूरी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ,रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह 'विक्की',चित्रकूट के विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार,चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महामंत्री संदीप जैन, मंत्री हरि ओम गुप्ता,सहमंत्री कमल कुमार पुरूस्वानी, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु सिंह अरोरा,दिलीप सोनी, अग्रवाल राकेश 'रिन्कू',अनिल कुमार मोटवानी, संदीप कुमार गुप्ता,विनोद गुप्ता, चन्द्रभान दासानी, रोहित अग्रवाल 'लोहा',मनीष अग्रवाल, विपिन आर त्रिपाठी, संदीप चमड़िया, लक्ष्मीचंद्र पुरस्वानी, सुरेश बाषाणी,केशव माखीजा, विकास सुखेजा, विशेष आमंत्रित सदस्य संजय वाधवानी, पूर्व अध्यक्ष द्वारिका गुप्ता, पूर्व महामंत्री ऋषि अग्रवाल,पुष्पेन्द्र द्विवेदी, जेठानन्द वाधवानी, रामचरण गुप्ता, रामावतार चमडिया, रमेश जैन, लखन केशरवानी, विपुल हाण्डा, विनोद गर्ग, श्रीकांत गांधी, नरेन्द्र त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, आशीष गोयल, अशोक ताम्रकार, विश्वनाथ गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# इंडिगो एयरलाइंस के वाइस चेयरमैन ने सपरिवार किए मां शारदा के दर्शन; विंध्य क्षेत्र को मिल सकती है बड़ी सौगात

मैहर।

इंडिगो एयरलाइंस के वाइस चेयरमैन वरुण द्विवेदी ने बीते दिनों अपनी धार्मिक यात्रा के दौरान मैहर पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन किए। इस अवसर पर उनके माता-पिता भी उनके साथ मौजूद रहे। श्री द्विवेदी ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया और एयरलाइंस की निरंतर प्रगति व सफलता की कामना की। दर्शन के पश्चात शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य सचिन मिश्रा ने वरुण द्विवेदी का भव्य स्वागत किया। उन्होंने पारंपरिक रूप से मां शारदा की चुनरी भेंट की और स्मृति स्वरूप माता रानी की



एक तस्वीर प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। मंदिर समिति के सदस्य सचिन मिश्रा ने श्री द्विवेदी के आगमन को क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने इस यात्रा को विंध्यवासियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में देखा। विंध्य क्षेत्र के लोगों को अब फ्लाइट से यात्रा करने के लिए लंबी दूरी तय कर बाहर नहीं जाना पड़ेगा स्थानीय स्तर पर हवाई सुविधाएं विकसित होने से क्षेत्र के लोगों के समय और संसाधन की बड़ी बचत होगी। सचिन मिश्रा ने श्री वरुण द्विवेदी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की कि इंडिगो एयरलाइंस के माध्यम से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

# स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने पर 'जंगी आंदोलन' की चेतावनी



**मैहर।** कांग्रेस नेता एवं क्षेत्रीय जनकल्याण संघर्ष समिति के अध्यक्ष रामनिवास उरमलिया ने जिला प्रशासन और सीमेंट फैक्ट्रियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिला,तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। उरमलिया ने आरोप लगाया कि सीमेंट फैक्ट्रियों ने किसानों की जमीनें लेते समय हर घर से एक व्यक्ति को नौकरी देने का वादा किया था,जिससे अब वे मुकर गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फैक्ट्रियों से निकलने वाली डस्ट खेती को बंजर बना रही है और राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से जमीनों का मुआवजा भी कम दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार 80 फीसदी रोजगार स्थानीय लोगों को दिया जाए और ठेका प्रथा बंद हो,अन्यथा वे फैक्ट्री गेट पर तालाबंदी करेंगे।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04/09/2025 को संजय सिंह पिता काशी सिंह एवं उसके साथी राम बहादुर उर्फ रामप्रसाद जायसवाल द्वारा मेरे स्वामित्व की **कैम्पर वाहन क्रमांक** CG 12 BR 3201 को बैढन मार्केट विशाल मेगामार्ट, जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश) के सामने से वाहन चालक एवं मेरे साइट सुपरवाइजर आशीष कुमार गौतम के साथ मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी देते हुए संजय सिंह एवं राम बहादुर उर्फ रामप्रसाद जायसवाल मेरे सुपरवाइजर को धक्का देकर वाहन से निकालकर वाहन को लूटकर फरार हो गए हैं।

मेरे द्वारा अनेकों बार मेरे कैम्पर वाहन को वापस करने का निवेदन संजय सिंह एवं राम बहादुर उर्फ रामप्रसाद जायसवाल से किया गया है जिसके उपरांत भी उक्त दोनों के द्वारा मेरे वाहन को मुझे वापस नहीं किया जा रहा है। मेरी उक्त वाहन बैंक से फाइनेंस पर है जिसके EMI का भुगतान मेरे द्वारा नियमित तौर पर किया जा रहा है लेकिन संजय सिंह एवं राम बहादुर उर्फ रामप्रसाद जायसवाल के द्वारा मेरे कैंपर वाहन को लूट लिए जाने की वजह से वह वाहन मेरे किसी भी व्यवसायिक कार्यों को निष्पादित करने के काम नहीं आ रहा है जिससे मुझे भारी आर्थिक क्षति उठाना पड़ रहा है।

इस घटना की शिकायत मेरे द्वारा श्रीमान थाना प्रभारी पुलिस थाना बैढन जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश) एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिंगरौली, जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश) को दी जा चुकी है।

यदि मेरे उक्त **कैम्पर वाहन क्रमांक** CG 12 BR 3201 से किसी भी तरह की अनहोनी, चोरी, डकैती, लूट या किसी भी प्रकार के अपराधिक कृत्य को अंजाम दिया जाता है तो उसके समस्त दायित्वों एवं जोखिमों की संपूर्ण जवाबदारी एवं जिम्मेदारी संजय सिंह एवं राम बहादुर उर्फ रामप्रसाद जायसवाल की एकमात्र रुप से होगी मेरी नहीं होगी।

अतः सूचना से अवगत होवें।
स्थान : कोरबा
दिनांक- 22/12/2025

भवदीय
**ऋषभ सिंह राजपूत**
पिता- श्री गुलजार सिंह राजपूत
निवासी- मकान क्रमांक 202,
वार्ड क्रमांक 24 बुधवारी बाजार कोरबा,
जिला कोरबा (छ.ग.)
मोबाइल-8463873530

# सतना की बेटी डॉ. प्रसिद्धि जैन ने रचा इतिहास, मिला गोल्ड मेडल

सतना।

शहर की होनहार सुपुत्री डॉ.प्रसिद्धि जैन ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। दीपेंद्र जैन एवं डॉ.आराधना जैन की सुपुत्री डॉ. प्रसिद्धि ने एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज,भोपाल से बीपीटी की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। भोपाल में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह के दौरान डॉ.प्रसिद्धि जैन को उनकी इस असाधारण शैक्षणिक सफलता के लिए गोल्डमेडल से सम्मानित



किया गया। उन्हें यह सम्मान देश की प्रतिष्ठित विभूतियों के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया,जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे थावरचंद गहलोत महामहिम राज्यपाल,कर्नाटक,अरुण सिंह जनरल सेक्रेटरी, राज्यसभा फग्गन सिंह कुलस्ते,श्रीमती कृष्णा गौर एवं रामेश्वर शर्मा विधायक जे.एन.चौकसेः संस्थापक,ग्रुप। डॉ.प्रसिद्धि की इस उपलब्धि पर न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है,बल्कि संपूर्ण जैन समाज एवं सतना शहर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम को दिया है।

### युवक ने की आत्महत्या

**सतना।** धर्मनगरी चित्रकूट के कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित लोधी धर्मशाला में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान दिनेश पुत्र तीरथ राज लोधी के रूप में हुई है,जो उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के कमासिन थाना अंतर्गत जामू गांव का निवासी था। मृतक यहाँ परिक्रमा मार्ग में नारियल प्रसाद बेचने का काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि युवक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया।

## खबर संक्षेप

### मोटर बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल




**अमानगंज-** पन्ना कटनी मुख्य सड़क मार्ग पर इटौरी मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस के चालक उद्देश्य नामदेव एवं उनके सहयोगी ईएमटी विपिन कुमार पांडेय के द्वारा घायल राजू अहिरवार पिता आठईया अहिरवार उम्र 45 वर्ष निवासी झरकुआ कुदरा एवं राकेश सपेरा पिता आशा सपेरा निवासी साप्तया 24 वर्ष दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज अस्पताल में इलाज के लिया लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने कटनी के लिए रेफर कर दिया,जहां राजू अहिरवार की हालत नाजुक बताई जा रही हैं। बताया गया कि दोनों घायल युवक पन्ना किसी निजी कार्य हेतु मोटर बाइक से गए हुए थे जहां लौटते वक्त सामने से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जहां दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### घर के सामने खड़ी मोटर बाइक को ले उड़े अज्ञात चोर मामला दर्ज

**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना सामने आई है। चोरों ने घर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी की फरियादी राहुल यादव पिता छोटी यादव उम्र 21 साल निवासी ककरहटी हाल निवास अमानगंज ने अपने रिश्तेदार बहनोई धीरेंद्र यादव के साथ थाना में पहुंचकर रिपोर्ट की है कि वर्तमानफैशन कपड़े की दुकान अमानगंज में काम करता हूं तथा अपने मां जानकी यादव अमानगंज के मकान में करीब 5 साल से रह रहा हूं, 21.12.2025 को मैं दुकान से करीब९रू00 बजे घर पहुंचा मैंने अपनी मोटरसाइकिल घर के द्वारे पर खड़ी कर दी थी जब मैं सुबह 7रू00 सोकर उठा तो मेरी मोटरसाइकिल अपाची सफेद रंग की जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर- डच ३९5 म0531 जिसकी कीमत 60 हजार रु है द्वारे से गायब थी आसपास मैंने अपनी मोटरसाइकिल देखी कहीं नहीं मिली, अज्ञात चोर मोटरसाइकिल को चोरी कर कर लेगए,जहां फरियादी की रिपोर्ट पर अमानगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा कर रही है

### स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना के ठ।ठम्क की छात्रा ने समूचे विश्व विद्यालय में हासिल किया चतुर्थ स्थान



**पन्ना।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा सत्र 2025 के घोषित परीक्षा परिणामों की प्रावधिक मेरिट सूची में स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, पन्ना के बी.ए.बी.एड की छात्रा कु. अस्मिता राजपूत ने 72.59 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर चतुर्थ (4जी) स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं माता-पिता के सहयोग को दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकगणों ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### उद्घाटन मुकाबले में टीकमगढ़ इलेवन ने नागौद इलेवन को 32 रनों से हराया

# स्वर्गीय महेंद्र सिंह लोधी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

**पवई विधायक प्रहलाद लोधी के पुत्र स्वर्गीय महेंद्र सिंह लोधी की स्मृति में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आज भव्य शुभारंभ महाराजा छत्रसाल स्टेडियम में गरिमामयी वातावरण में किया गया उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रगान के पश्चात स्वर्गीय महेंद्र सिंह लोधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर टूर्नामेंट का विधिवत आग़ाज़ हुआ**




**पवई।** यह मुकाबला टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच रहा उद्घाटन मुकाबले में नागौद इलेवन और टीकमगढ़ इलेवन आमने-सामने रहीं। टॉस जीतकर नागौद इलेवन ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया निर्धारित 15 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीकमगढ़ इलेवन ने आक्रामक और संतुलित खेल का प्रदर्शन करते हुए 15 ओवर में 149 रन बनाए और नागौद इलेवन के सामने 150 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा टीकमगढ़ के बल्लेबाजों ने शुरू से ही रन गति बनाए रखी और विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाये रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागौद इलेवन की शुरुआत बेहद खराब रही पहले ही ओवर में टीम के दो अहम विकेट गिरने से दबाव बन गया इसके बाद टीकमगढ़ के गेंदबाजों ने अनुशासित लाइन-लेंथ के साथ शानदार गेंदबाजी करते हुए नागौद के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया परिणामस्वरूप नागौद इलेवन 15 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 117 रन ही बना सकी और उसे 32 रनों से हार का सामना करना पड़ा टीकमगढ़ इलेवन की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले छोटू सिंह को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। उन्होंने 24 रनों की उपयोगी पारी खेलने के साथ-साथ 3 विकेट भी झटके मैच के दौरान अंपायर की भूमिका जितेंद्र सिंह बुंदेला एवं जुगल तिवारी ने निष्पक्षता और अनुशासन के साथ निभाई वहीं,टूर्नामेंट में कमेंट्री के रूप में कुलदीप खटीक ने अपनी सटीक और प्रभावशाली कमेंट्री से दर्शकों में जोश भर दिया एवं स्कोरर इसके रूप में दीपक सिंह पवन सिंह ने भूमिका निभाई वहीं मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया चौकों-छक्कों पर दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से मैदान गूंज उठा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बसंत दहायत रहे विशेष अतिथियों में जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा, एसडीएम सुश्री समीक्षा जैन, एसडीओपी भावना सिंह दांगी, वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल,तहसीलदार त्रिलोक सिंह, सहायक संचालक नम्रता जैन,मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया , मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष श्री धनंजय श्रीवास्तव जी,जनपद सदस्य दयाशंकर लोधी,निज सहायक संत कुमार लोधी एवं भक्तराज लोधी उपस्थित रहे। आयोजन के संयोजक गोविंद लोधी रहे आयोजन को सफल बनाने में प्रदीप पटेल,रविशंकर सिंह, ओंकार पटेल एवं अंकित पटेल ने सक्रिय भूमिका निभाई अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना की सराहना की तथा सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं।

## सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. वि. पवई में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को कराया शैक्षणिक भ्रमण






**पवई।** सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. वि. पवई से व्यवसायिक शिक्षा हेल्थकेयर, कृषि, फ्लोरीकल्चर में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण में जिला चिकित्सालय पन्ना तथा कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना और कृषि महाविद्यालय लक्ष्मीपुर पन्ना विशेष वाहन द्वारा ले जाया गया जहां विषय से संबंधित कई नई तकनीकियों और सुविधाओं का ज्ञान छात्रों को दिया गया.इस भ्रमण में जिला शिक्षा अधिकारी श्री रवि प्रकाश खरे, व्यवसायिक शिक्षा नोडल श्री पुष्पराज सिंह परमार के निर्देशन में तथा सहायक संचालक पवई सुश्री नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में पार्षद श्री जफर मोहम्मद , श्री पुष्पेन्द्र पटेल, श्रीकांत पटेल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर छात्र छात्राओं को विशेष वाहन द्वारा रवाना किया गया. इसका प्रमुख उद्देश्य छात्रों में व्यवसायिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ाने एवं व्यवसायिक स्थलों पर जाकर वास्तविक ज्ञान प्राप्त करना है.भ्रमण में संस्था प्राचार्य श्री आर. के. नगायच, वरिष्ठ शिक्षक श्री राकेश श्रीवास्तव, श्रीमती संध्या पटेल वोकेशन शिक्षक रोहित बहरे , रूपा सेन के साथ ही सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के सुरक्षा कर्मी सुशील मिश्रा और शिवधनी पटेल उपस्थित रहे।

## पवई वन परिक्षेत्र निकट-संकटग्रस्त पेंटेड स्टॉर्क से गुलजार, दुर्लभ ब्लैक स्टॉर्क की भी मौजूदगी







**पवई।** दक्षिण पन्ना वन मण्डल के वन परिक्षेत्र पवई में इन दिनों जैव विविधता का एक अत्यंत सुखद और उत्साहवर्धक दृश्य देखने को मिल रहा है। यहां एक पौधारोपण क्षेत्र में निकट संकटग्रस्त श्रेणी में शामिल सुंदर पक्षी पेंटेड स्टॉर्क (च्पदजमकै जवता) की सैकड़ों की संख्या में मौजूदगी दर्ज की गई है। इसके साथ ही दुर्लभ ब्लैक स्टॉर्क (ठसंबौ जवता) की उपस्थिति ने इस क्षेत्र के संरक्षण महत्व को और अधिक सुदृढ़ किया है। सैकड़ों की संख्या में पेंटेड स्टॉर्क का एक साथ दिखाई देना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि दक्षिण पन्ना वन मण्डल की आर्द्रभूमियां, जल स्रोत और प्राकृतिक आवास सुरक्षित एवं अनुकूल स्थिति में हैं। यह दृश्य न केवल क्षेत्र की उच्च पारिस्थितिक गुणवत्ता को दर्शाता है, बल्कि वन विभाग द्वारा किए जा रहे संरक्षण एवं प्रबंधन प्रयासों की सफलता को भी प्रमाणित करता है। पेंटेड स्टॉर्क अपने आकर्षक गुलाबी-सफेद पंखों, लंबी पीले-नारंगी चोंच और शांत स्वभाव के लिए जाना जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे छमंत जीतमंजमदमक (निकट संकटग्रस्त) श्रेणी में रखा गया है, क्योंकि इसके प्राकृतिक आवासों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। वहीं ब्लैक स्टॉर्क एक अत्यंत सतर्क, शर्मीला और कम दिखाई देने वाला पक्षी है, जो प्रायः मानव गतिविधियों से दूर, शांत और स्वच्छ जल क्षेत्रों को ही अपना आश्रय बनाता है। इसकी मौजूदगी किसी भी क्षेत्र के लिए स्वस्थ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का मजबूत संकेत मानी जाती है। इस पक्षी की मौजूदगी प्रकृति की अद्भुत खूबसूरती को उजागर करते हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि दक्षिण पन्ना वन मण्डल वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक सुरक्षित और भरोसेमंद आवास के रूप में उभर रहा है। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अधिकारी ने कहा कि पवई क्षेत्र में पेंटेड स्टॉर्क एवं ब्लैक स्टॉर्क की उपस्थिति पन्ना के लिए गौरव, आशा और संरक्षण की सफलता का प्रतीक है। यह वन अमले के अथक प्रयासों और स्थानीय समुदायों के सहयोग का परिणाम है। भविष्य में भी वनमण्डल द्वारा जैव विविधता संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी। पेंटेड स्टार्क को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल ने क्या कुछ कहा सुनते हैं।

## जननायक स्व. सुखलाल कुशवाहा की जयंती को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारी तेज

### देवेंद्रनगर में न्याय महारैली को लेकर हुई रणनीतिक बैठक, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने किया आह्वान



**पन्ना।** अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद के तत्वावधान में आगामी 05 जनवरी 2026 को दमोह में आयोजित होने वाली जननायक, पूर्व सांसद स्वर्गीय सुखलाल कुशवाहा की 62वीं जयंती एवं न्याय महारैली को व्यापक और प्रभावी स्वरूप देने के उद्देश्य से नगर परिषद देवेंद्रनगर के सभागार में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सतना विधायक सिद्धार्थ उर्फ डब्बू कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में जयंती एवं न्याय महारैली को वृहद जनआंदोलन के रूप में आयोजित करने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि स्व. सुखलाल कुशवाहा सामाजिक न्याय, समता और वंचित वर्गों की आवाज थे, और उनकी स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम पूर्णतः गैर-राजनीतिक होगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने जानकारी दी कि जयंती समारोह एवं न्याय महारैली में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह सहित देश के अन्य प्रमुख सामाजिक व राजनीतिक व्यक्तित्वों की सहभागिता प्रस्तावित है। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में दमोह पहुंचकर इस न्याय महारैली को ऐतिहासिक बनाएं। इससे पूर्व सतना विधायक के देवेंद्रनगर आगमन पर नुनाही मोड़ पर नवनियुक्त कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मिलन कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं, आतिशबाजी एवं नारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। वहीं नगर परिषद के सामने उपाध्यक्ष जयकुमार कुशवाहा के नेतृत्व में, सुखलाल कुशवाहा मित्र मंडल, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक में आशीष बागरी, महेंद्र बागरी, आनंद शुक्ला, जयकुमार कुशवाहा, मिलन कुशवाहा, जीवनलाल सिद्धार्थ, रमेश अग्रवाल, ऋषभ गर्ग, बाबू भाईजान, डॉ. देवेंद्र कुशवाहा, कमल कुशवाहा, प्रहलाद यादव, राम बहादुर द्विवेदी, डॉ. संतोष जैन, कमलेश जैन, सतीश जैन, अक्षय जैन, प्रवीण कुशवाहा, रामकिशोर दहायत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि स्व. सुखलाल कुशवाहा की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए समाज एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है।



### महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती श्रद्धा व प्रेरणा के साथ मनाई गई

**पन्ना।** मध्यप्रदेश विद्या की पुण्य धरा पर स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विवेकानंद सभागार में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि, वैज्ञानिक चिंतन तथा आत्मविश्वास का विकास करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री पूरन सिंह राजपूत जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीनिवास रामानुजन साधारण परिस्थितियों में जन्म लेकर भी असाधारण प्रतिभा के बल पर विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाने वाले महान गणितज्ञ थे। उन्होंने कहा कि कठोर परिश्रम, सतत अभ्यास और ईश्वर में अटूट आस्था के बल पर रामानुजन ने गणित को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं। प्राचार्य श्री राजपूत जी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भी रामानुजन के जीवन से प्रेरणा लेकर विद्या को साधना मानें, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और अपने ज्ञान, संस्कार व पुरुषार्थ से अपने परिवार, समाज तथा राष्ट्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह, जिज्ञासा एवं प्रेरणा का वातावरण देखने को मिला। जयंती आयोजन ने यह संदेश दिया कि भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी युवाओं के लिए अमूल्य प्रेरणा स्रोत है।

## प्राचार्यों की समीक्षा बैठक में बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के दिए गए निर्देश



**पन्ना।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग से सहायक संचालक मृत्युंजय कुमार ने सोमवार को जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्यों की डाइट में बैठक लेकर आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में जिले के परीक्षा परिणाम की शालावार समीक्षा कर सर्वाधिक परीक्षा परिणाम तथा 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाली शालाओं के प्राचार्यों से आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की गई। सबसे कम परीक्षा परिणाम वाली शालाओं शासकीय हाईस्कूल सुडौर एवं पगरी के प्राचार्य ने परीक्षा परिणाम में सुधार की कार्ययोजना तथा अच्छे परिणाम वाली शालाओं शासकीय उ.मा. विद्यालय मकरी, शासकीय सांदीपनि विद्यालय अजयगढ़, पन्ना एवं ककरहटी के प्राचार्य द्वारा अच्छे परिणाम की रणनीति प्रस्तुत की। सहायक संचालक ने कहा कि वर्तमान परीक्षाओं में परीक्षा परिणाम में वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास एवं परिश्रम की आवश्यकता है। वर्तमान सत्र में भी पन्ना जिले द्वारा बेहतर परिणाम की उम्मीद व्यक्त की गई। सभी प्राचार्यों को विद्यार्थियों से लिखित कार्य करवाने तथा बच्चों में लेखन क्षमता में वृद्धि एवं बार-बार प्रश्नों के उत्तर लिखकर अभ्यास पर जोर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे ने आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए तैयार की गई कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया। साथ ही गत वर्ष के परीक्षा परिणाम में 16 प्रतिशत वृद्धि के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम में वृद्धि व सुधार के लिए सभी प्राचार्य एवं शिक्षकों का समन्वित प्रयास आवश्यक है। प्राचार्यों को मॉड्यूल वनलाइनर एवं लिंक के जरिए आवश्यक सामग्री प्रेषित की जा रही है। आज से बोर्ड परीक्षा की विषयवार ऑनलाइन कक्षाओं का आरंभ भी हुआ है। वर्तमान सप्ताह की ऑनलाइन कक्षाओं की समय सारणी प्रस्तुत कर बैठक में प्रत्येक सप्ताह विषयवार ऑनलाइन कक्षाओं की समय सारणी ग्रुप के माध्यम से प्रस्तुत करने के बारे में अवगत कराया गया। समीक्षा बैठक में एडीपीसी भारती श्रीवास्तव सहित समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित थे।

### जिले की 52वीं रैंक पर सीईओ जिला पंचायत ने अप्रसन्नता व्यक्त की

# जिला पंचायत सीईओ ने ली टीएल बैठक

### लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण के दिये निर्देश



**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर विभागवार लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति और निराकरण संबंधी कार्यवाही की समीक्षा की। इस मौके पर लंबित शिकायतों के समय सीमा में त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। टीएल बैठक में गत नवम्बर माह की सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर पन्ना जिले की 52वीं रैंक पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई। जिपं सीईओ ने खराब प्रदर्शन वाले विभाग के अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार कर जिम्मेवारीपूर्वक विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरणों के अविलंब निराकरण के निर्देश दिए।

टीएल बैठक में आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के चयनित विषयों सहित अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गत माह संपन्न हुई संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। साथ ही कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के विभागवार एजेंडा पर की गई आवश्यक कार्रवाई की जानकारी भी ली। बैठक में सुशासन सप्ताह अंतर्गत ग्राम सभाओं के आयोजन, आकांक्षी विकासखंड अजयगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला व बाल विकास विभाग द्वारा स्थिति में सुधार के लिए अविलंब अपेक्षित कार्रवाई शुरू करने, शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को निरंतर दुरूस्त रखने सहित सोलर ग्राम घोषित रैपुरा में कार्ययोजना मुताबिक सभी घरों में सोलर पैनल की स्थापना तथा विकासखंड के चयनित वृन्दावन ग्रामों में सड़क, बिजली, पानी और सामुदायिक भवन की व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सभी कार्यालय प्रमुखों को अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों से कार्यालय आवागमन एवं दो पहिया वाहन संचालन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने संबंधी नियम का पालन सुनिश्चित कराने तथा इस संबंध में अविलंब लिखित आदेश जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## सदस्यों के सुझाव-प्रस्ताव पर सीएम को अवगत कराकर विभागों को भेजेंगे: प्रभारी मंत्री कंसाना

# प्रभारी मंत्री ने ली जिला विकास समिति की बैठक

छतरपुर।

**प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री और उपाध्यक्ष डीडीएसी ऐदल सिंह कंषाना की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को जिला विकास सलाहकार समिति (सदस्यों) की प्रथम बैठक आयोजित की गई।**



बैठक का उद्देश्य जिले की समृद्धि विकास के लिए रणनीति बनाना, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा, जिले में उद्योग रणनीति का माहौल बनाना, स्थानीय परिस्थिति को ध्यान में रखकर शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करना, नवाचारों को मूर्त रूप देना, रोजगार सृजन, जल संरचनाओं का संरक्षण, पर्यावरण, कृषि, खनिज की कार्ययोजना तैयार करना है। बैठक में विधायक छतरपुर ललिता यादव, विधायक राजनगर अरविन्द पटेरिया, विधायक महाराजपुर कामाख्या प्रताप सिंह, विधायक बिजावर राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नपाध्यक्ष छतरपुर ज्योति चौरसिया, जनपद अध्यक्ष बड़ामलहरा राघव राजा, जनपद बकस्वाहा अध्यक्ष रजनी यादव, जनपद नौगांव अध्यक्ष हेमलता पाठक, जनपद गौरिहार अध्यक्ष तुलसा अनुरागी, जनपद राजनगर अध्यक्ष प्रेमबाई कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष नमः शिवाय अरजरिया, डीएफओ सर्वेश सोनवानी, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि सदस्यों के सुझाव-प्रस्ताव पर सीएम को अवगत कराकर विभागों को भेजेंगे। प्रभारी मंत्री ने जिले की आगामी 3 वर्ष कार्ययोजना पर फोकस के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी के प्रस्तावों को पारदर्शिता के साथ भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में हर 02 माह में बैठक आयोजित की जाएगी।

### प्रभारी मंत्री ने पत्रकार वार्ता कर जिले की 2 वर्ष की उपलब्धियों को बताया -

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री श्री कंषाना ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक उपरांत प्रेसवार्ता करते हुए जिले के विकास एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में नीति आयोग की 5 करोड़ की राशि से जिले में एक ग्रंथालय (सेंट्रल लाइब्रेरी) का निर्माण कराया गया। केन्द्र सरकार द्वारा 44605.00 करोड़ की राशि से केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत ढोडन बांध का कार्य निर्माणरत है। जिसके पूरे होते ही प्रदेश में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। बरेठी सोलर पावर प्रोजेक्ट 630 मेगावाट की एक बड़ी सौर परियोजना है, जिसे एनटीपीसी आरईएल द्वारा 3,200 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है, जो 3 लाख से अधिक घरों को बिजली देगी और हर साल 12 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करेगी।

जल जीवन मिशन अंतर्गत 28266 परिवारो को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किया गया है। जिससे लगभग 137091 जनसंख्या लाभान्वित हुए। जिले में गिरते भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए 329 रिचार्ज शाफ्ट एवं 127 रिचार्ज पिट का निर्माण कार्य किया गया है। समस्या मूलक बसाहटो में 175 नलकूप खनन कर हैण्डपंप स्थापना कार्य किया गया हैं। स्कूल एवं शिक्षा विभाग अंतर्गत जिले में कुल 20 विद्यालयों को पीएमश्री स्कूल के रूप में चयनित किया गया है। जिले के पीएमश्री स्कूल शासकीय हाई स्कूल बंजारी विकासखंड लवकुशनगर को सत्र 2025-26 में हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किया गया है। जिले में द्वितीय चरण में कुल 17 विद्यालयों को सांदीपनि स्कूल के रूप में चयनित किया गया है। जिले में कुल 102 विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा हेतु आईसीटी स्कूल के तहत कम्प्यूटर लैब व स्मार्ट क्लास की स्थापना की गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के तहत छतरपुर जिले में गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के महत्वूपर्ण सूचकांक जैसे- आई.एम.आर. व एम.एम.आर. में सुधार हेतु एक अत्यंत महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। जिसके सुखद परिणाम देखने को मिल रहे है। उक्त प्रोजेक्ट के तहत 253 स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले को आई.आई.टी. बॉम्बे की टीम द्वारा सघन प्रशिक्षण दिया गया जिसके उपरांत प्रशिक्षण प्राप्त 253 कर्मियों द्वारा माताओं और बच्चों को गोद लिया जिसमें से सभी कुपोषण मुक्त हो चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2023 से 2024 तक 48 उप स्वास्थ्य केन्द्र के नवीन भवनों हेतु रुपए 3120.00 लाख व्यय किए गये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सटई, चंदला तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजावर के उन्नयन हेतु 2329.07 लाख रुपए की राशि का बजट आवंटन किया गया। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा हैण्डलूम गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 101.36 लाख की राशि से हैण्डलूम पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम चन्द्रनगर में टेराकोटा म्यूजियम का निर्माण राशि रू. 5 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) की 42.50 करोड़ की राशि से छतरपुर जिले में एक उच्च गुणवत्तायुक्त स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक सहित विभिन्न निर्माण कार्य कराये गये।

आयुष विभाग द्वारा जिले में 132.81 लाख रूपए की राशि से 04 शासकीय आयुर्वेद औषधालयों का निर्माण कराया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 2013 नवीन खेत तालाब के कार्य राशि रूपए 6994.00 लाख के स्वीकृत कर प्रारंभ कराये गये हैं तथा 35 अमृत सरोवर, 3983 भू जल संवर्धन हेतु कुआँ रिचार्ज (डगवेल रिचार्ज), 625 रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, 125 पुराने तालाबों, की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के कार्यों में राशि 2751.74 रूपए (लाख) के कार्य कराये गये। विगत 02 वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से 50,000 हितग्राहियों के आवासों का निर्माण कराया गया।

उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा विगत 02 वर्षों में विभिन्न योजनाओं से कुल 1318.44 लाख की राशि से 7541 कृषकों को लाभांवित किया गया। जिले मे खरीफ 2022-23 की तुलना मे नगद फसल मूगफली का रकवा 5500 हैक्टेयर से बढ़कर 118371 हैक्टेयर हो गया है, सोयाबीन फसल के रकबे में विगत दो बर्ष में 12000 हैक्टेयर से 62120 हैक्टेयर हुआ है। उत्पादकता 560 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर से 1288 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर हुआ है। जिले मे विगत दो बर्षो मे 07 नवीन मिटटी परीक्षण का संचालन हुआ, जिससे बर्ष 24-25 मे 24500 एवं 2025 -2026 में 25400 कृषकों को स्वाइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया है। मत्स्य विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कुल 3618.43 लाख रूपए की राशि से 8042 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजनांतर्गत जिले में कुल 342606 परिवारों को लाभांवित किया जाकर निरूशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। विद्युत विभाग में आर.डी.एस.एस. योजनान्तर्गत नवनिर्मित 33/11 के व्ही. उपकेन्द्र पहरा व रनगुवां का कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त उपकेन्द्रो के ऊर्जाकृत होने से 42 ग्रामों के लगभग 6143 उपभोक्ताओं को लाभ पहुचेंगा। विभाग द्वारा 28 कि.मी. विद्युत लाईन का विस्तारीकरण किया गया जिसमें 5.37 करोड़ की राशि व्यय हुई। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा निकायों में विभिन्न सौन्दर्यीकरण, जीर्णोद्वार, निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यों हेतु राशि 3108.21 लाख रुपए व्यय किए गये। वन विभाग द्वारा तेंदू पत्ता हितग्राहियों को 47 लाट बराबर 76 प्राथमिक वनोपज समितियों के माध्यम से वर्ष 2023 से 2025 तक संग्रहण राशि का भुगतान एवं बोनस राशि से लाभान्वित किया गया।

**खबर संक्षेप**



### खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सृजन संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजय चौबे सम्मानित

**खजुराहो।** खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सृजन संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजय चौबे को आयोजक राजा बुंदेला द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया गया कि पहाड़ी हीराजू निवासी संजय चौबे ने विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं एवं एनजीओ के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा लघु एवं सीमांत कृषकों की आय वृद्धि हेतु उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। आजीविका मिशन के साथ समन्वय कर उन्होंने सृजन संस्था के माध्यम से 30 कृषि साखियों को प्रशिक्षित किया, जिनके द्वारा समूह की महिलाओं को मल्टिलेयर मॉडल अपनाकर सब्जी उत्पादन हेतु प्रेरित किया गया। जिससे हजारों महिलाओं की आय में वृद्धि हुई और कुछ महिलाओं की वार्षिक आय 50,000 से 70,000 तक पहुँच गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने लगभग 18 समूह सदस्याओं को पशु चिकित्सा एवं बकरी पालन का प्राथमिक प्रशिक्षण देकर 'पशु सखी' बनाया, जो घरेलू एवं दुधारू पशुओं का उपचार कर अपनी आय बढ़ा रही हैं। वर्तमान में राजनगर क्षेत्र की 10,000 से अधिक महिलाएँ उनकी संस्था से जुड़कर लाभान्वित हो रही हैं।

### जिले के सात विकासखंडों में 26 दिसंबर तक होंगे शिविर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के अंतर्गत जिले में पशु स्वास्थ्य परीक्षण एवं बाँझता निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के सफल संचालन हेतु उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संबंधित विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। सभी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले के साथ निर्धारित तिथियों में शिविर आयोजित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शिविरों के आयोजन के लिए औषधि, स्टेशनरी एवं प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। विकासखंड दमोह के ग्राम कालापानी, कादीपुर, रमपुरा एवं पालर में 21, 22, 24 एवं 26 दिसंबर को शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के लिए डॉ. बी.बी. शुक्ला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड पटेरा के ग्राम बरखेरा बेस, कुंवरपुर, रमगढ़ा एवं कुड़ई में 21 से 24 दिसंबर तक शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों के नोडल अधिकारी डॉ. एच.एच. खान होंगे। इसी प्रकार विकासखंड हटा के ग्राम बिजवार, भिड़ारी, बंधा एवं कनकपुरा में भी 21 से 24 दिसंबर तक शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनके नोडल अधिकारी भी डॉ. एच.एच. खान नियुक्त किए गए हैं।

### पुलिस ने जारी की सख्त चेतावनी

**दमोह।** दमोह पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके नाम (श्रुतकीर्ति सोमवंशी) से फेसबुक पर एक फर्जी अकाउंट बनाया गया है। यह अकाउंट पूरी तरह से फर्जी है और इसका पुलिस अधीक्षक या पुलिस प्रशासन से कोई भी संबंध नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता को सतर्क करते हुए अपील की है कि इस फर्जी फेसबुक अकाउंट से किसी भी प्रकार का संपर्क न करें। साथ ही किसी भी स्थिति में अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल्स या किसी तरह की वित्तीय जानकारी साझा न करें। ऐसे फर्जी अकाउंट के माध्यम से लोगों को गुमराह करने और ठगी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## छतरपुर में वरिष्ठ नागरिकों के साथ अंतर-पीढ़ीगत जुड़ाव पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित

### केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार रहे मुख्य अतिथि, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

छतरपुर।



वरिष्ठ नागरिकों के बीच अंतर-पीढ़ीगत जुड़ाव, कल्याण और खुशहाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को महलों की समीप पुरानी तहसील परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता के बढ़ते प्रभाव के कारण संयुक्त परिवारों की परंपरा कमजोर हो रही है और एकल परिवारों के चलन से अनेक बुजुर्ग अकेलेपन व तनाव का सामना कर रहे हैं। ऐसे में अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश के बड़े शहरों में इस तरह के कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है, जिन्हें अगले चरण में राज्य सरकारों के सहयोग से निचले स्तर तक ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में छतरपुर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के साथ उनके दादा-दादी को आमंत्रित किया गया था। बुजुर्गों ने परिवार, सामाजिक संरचना और जीवन अनुभवों को साझा किया, जिससे बच्चों को सीखने और समझने का अवसर मिला। मंत्री ने सुझाव दिया कि विद्यालयों में वर्ष में एक दिन दादा-दादी दिवस के रूप में मनाया जाए, ताकि बच्चे बिना बैग के अपने दादा-दादी के साथ स्कूल आएं और उन्हें विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराएं। कार्यक्रम का आयोजन छतरपुर की पुरानी तहसील परिसर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में नागरिक, वरिष्ठजन और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने पीढ़ियों के बीच संवाद और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

## महाराजा छत्रसाल 70 वें लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को खेले गए छः मुकाबले

नौगांव।



नगर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में चल रहे लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत एक बार फिर चढ़ा लोगों में क्रिकेट का खुमार। क्रीड़ा सभापति अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की सोमवार को 6 मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला बुंदेलखंड टाइगर बनाम डीसी ज्वेलर्स के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर डीसी ज्वेलर्स ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और बुंदेलखंडी टाइगर को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया बुंदेलखंड टाइगर ने बल्लेबाजी करते हुए 44 रन बनाए और 45 रनों का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसी ज्वेलर्स की टीम ने इस मैच को 7 विकेट से जीत लिया दिन का दूसरा मुकाबला ओम साइ राम ए बनाम योगिता स्टूडियो के मध्य खेला गया ओम साइ राम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 रन बनाए और 40 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी योगिता स्टूडियो ने 6 विकेट से मैच को जीत लिया तीसरा मुकाबला लीड इंडिया बनाम श्री राधा रानी के मध्य खेला गया लीड इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 38 रन बनाए और 39 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी राधा रानी की टीम ने इस मैच को 9 विकेट से जीत लिया चौथा मुकाबला एएस टाइगर ए बनाम पन्ना हाउस के मध्य खेला गया पन्ना हाउस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 रन बनाए 21 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एएस टाइगर की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए इस मैच को पहले ही ओवर में 10विकेट से मैच को जीत लिया पांचवा मुकाबला ओम साइन राम बी बनाम लिटिल टाइगर के मध्य खेला गया जिसमें लिटिल टाइगर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 रन बनाए और 41 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओम साइन राम बी ने मैच को 10 विकेट से जीत लिया दिन का छतवान और अंतिम मुकाबला लिटिल न्यू गोल्डन एवं नौगांव टाइगर के मध्य खेला गया लिटिल न्यू गोल्डन ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 बनाया और 37 रनों का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी नौगांव टाइगर की टीम ने इस मैच को बड़ी ही आसानी से 9 विकेट से मैच को जीत लिया।

## चंदला में बड़ा हादसा टला, बच्चे सुरक्षित

# स्कूल वैन में रखा गैस सिलेंडर फटा, लगी भीषण आग



चंदला।

चंदला के सरबई मार्ग पर संचालित ग्रीन बैली पब्लिक स्कूल में बच्चों को लाने-ले जाने के लिए उपयोग में लाई जा रही एक मारुति वैन में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि वैन धू-धूकर जलने लगी। गनीमत यह रही कि घटना के समय सभी बच्चे स्कूल परिसर के अंदर थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वैन घरेलू गैस सिलेंडर से संचालित की जा रही थी। बताया जा रहा है कि रीफिङ्क्षलग के दौरान सिलेंडर में रिसाव या तकनीकी गड़बड़ी के कारण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरी वैन को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और स्कूल स्टाफ ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक वैन काफी हद तक जल चुकी थी। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

इस घटना के बाद क्षेत्र में स्कूल वाहनों में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारों का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडर से वाहन चलाना अत्यंत खतरनाक है और इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्कूल वाहनों की सख्त जांच कराने और गैस सिलेंडर से चल रहे वाहनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

# छतरपुर से 250 यात्री रामेश्वरम रवाना

छतरपुर।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सोमवार को छतरपुर रेलवे स्टेशन से जिले के 250 तीर्थ यात्रियों को गाजे-बाजे के साथ रामेश्वरम् के लिए रवाना किया गया। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्रिहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, नपा सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक ललिता यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से बुजुर्गों को सुविधाजनक एवं सम्मानजनक तीर्थ यात्रा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पहले तीर्थयात्रा पर जाते समय परिवार और मोहल्ले के लोग गाजे-बाजे के साथ बुजुर्गों को विदा करते थे, वही परंपरा आज सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना के जरिए फिर से जीवंत हो रही है। विधायक ने आगे कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की यह योजना महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों सहित सभी वर्गों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है, जिससे वे बिना आर्थिक बोझ के तीर्थों के दर्शन कर पा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

### विधायक ने तीर्थ यात्रियों को पहनाई माला

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जानकी निवास मंदिर बिजावर से रामेश्वरम और मदुरई के लिए विधायक राजेश शुक्ला ने माला पहनाकर 6 तीर्थ यात्रियों को रवाना किया। सुबह सात बजे सभी 6 तीर्थ यात्री रवाना हुए। इस मौके पर विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हर वर्ष हजारों की संख्या में लोग इस योजना के तहत तीर्थ दर्शन कर रहे हैं। इस योजना के तहत आज बिजावर से 6 लोगों को रवाना किया गया है। इस मौके पर नगर परिषद के सीएमओ, विधायक क्लब के 50 लोगों ने तीर्थ यात्रियों को रवाना करने पहुँचे और सभी ने तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएँ दीं। तीर्थ दर्शन के लिए जाने वालों में मठु प्रजापति, भागवती प्रजापति, राजकिशोर सोनी, भूपेंद्र सिंह परिहार, भरोसा पटेल, रामगोपाल विश्वकर्मा शामिल हैं।

## खाद संकट को लेकर शिवसेना का प्रदर्शनः 11 दिसंबर तक समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

**छतरपुर।** जिले में किसानों को खाद उपलब्ध न होने की समस्या को लेकर शिवसेना द्वारा सोमवार को प्रदर्शन किया गया। शिवसैनिक सबसे पहले सटई रोड स्थित उपज मंडी पहुंचे, जहां किसानों की समस्याओं को लेकर नारेबाजी की गई। इसके बाद कार्यकर्ता छत्रसाल चौक पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना के जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने बताया कि एसडीएम को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया है कि यदि 11 दिसंबर तक जिले में किसानों को पूरा खाद वितरण नहीं किया गया, तो हजारों किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा और एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा अन्नदाता किसानों को पर्याप्त यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। यह स्थिति शासन की किसान हितैषी मंशा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।



शिवसेना ने यह भी आरोप लगाया कि जहां एक ओर किसान खाद की किल्लत से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर खाद की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। खाद को दुगने-तिगने दामों में बेचा जा रहा है, लेकिन कालाबाजारी करने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे प्रशासन की भूमिका संदेह के घेरे में आती है। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही किसानों की खाद की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। ज्ञापन में मांग की गई कि यदि शासन निष्पक्ष और ईमानदार है तो कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए उन पर सख्त धाराओं में प्रकरण दर्ज किए जाएं। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि किसान कई-कई दिनों तक लाइनों में खड़े रहने के बावजूद खाद नहीं पा रहे हैं, और कुछ स्थानों पर अधिकारियों द्वारा किसानों एवं उनकी बेटियों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो प्रशासनिक तानाशाही को दर्शाता है।

## इंदौर तक हवाई सेवा की सुविधा से विन्ध्य के विकास को मिलेगी गति - उप मुख्यमंत्री

# उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री ने रीवा-इंदौर हवाई सेवा का किया शुभारंभ

### नई हवाई सेवा विन्ध्य को सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े व्यावसायिक केन्द्र से जोड़ेगी - विजयवर्गीय





रीवा।

रीवा एयरपोर्ट की स्थापना के बाद विन्ध्य में हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। रीवा से इंदौर के लिए इंडिगो की 72 सीटर हवाई जहाज की सुविधा शुरू हो गई है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्यवासियों का आज वर्षों का सपना पूरा हो रहा है। इंदौर तक हवाई सेवा की सुविधा से विन्ध्यवासी कई बड़े शहरों से सीधे जुड़ जाएंगे। देश ही नहीं कई विदेश के शहरों के लिए भी अब जाना सुगम हो गया है। यह हवाई सेवा क्षेत्र में पर्यटन, शिक्षा और उद्योगों के विकास को गति देगी। विन्ध्य में मनोरम जलप्रपात, सुंदर वन और टाइगर रिजर्व, कई प्रसिद्ध मंदिर, सीमेंट और थर्मल पावर के बड़े कारखाने स्थित हैं। हवाई सेवा की सुविधा से विन्ध्य में तेजी से विकास होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में एयरपोर्ट के निर्माण में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा शिवराज सिंह चौहान एवं विन्ध्य के सांसदों ने सराहनीय योगदान दिया। समारोह में नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आज केवल एक फ्लाइट नहीं आई है। आज विन्ध्य के लिए विकास की सौगात आई है। हवाई सेवा के माध्यम से रीवा और विन्ध्य क्षेत्र सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े व्यावसायिक केन्द्र और मध्यप्रदेश की औद्योगिक राजधानी इंदौर से जुड़ गया है। इससे दोनों क्षेत्रों में उद्योग और व्यापार के विकास को गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सही मायनों में विन्ध्य के विकास पुरूष हैं। उप मुख्यमंत्री के जिद और जुनून ने विन्ध्य के विकास को नए आयाम दिए हैं। इस हवाई सेवा ने उज्जैन के महाकाल भगवान और मैहर की माँ शारदा के स्थलों को जोड़ दिया है। हमारी सरकार के प्रयासों से बाणसागर बांध का पानी विन्ध्य के जिन क्षेत्रों में पहुंचा वहाँ पर धरती सोना उगलने लगी। यहाँ के लोगों की क्रय शक्ति तेजी से बढ़ी है। उप मुख्यमंत्री और उनकी टीम के लगातार प्रयासों से पिछले 15 वर्षों में रीवा की तस्वीर बदल गई है। विजयवर्गीय ने हवाई सेवा देने वाली इंडिगो के अधिकारियों से किराये को लिमिट में रखने और हवाई सेवा के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आज से विन्ध्य के विकास को पंख लग गए हैं। लगातार प्रयासों को आज सफलता मिली है। सांसद सतना गणेश सिंह ने कहा कि इंदौर तक हवाई सेवा की सुविधा मिलने से विन्ध्य क्षेत्र देश के बड़े शहरों से सीधे जुड़ गया है। पिछले दो वर्षों में पूरे प्रदेश में हवाई सेवा का तेजी से विस्तार हुआ है। एयर एंबुलेंस और हेली सेवा जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि आज से रीवा का ग्लोबनाइजेशन हो गया है। अब दो दिन की यात्रा दो घंटे में पूरी हो रही है। समारोह में विधायक मैहर श्री श्रीकांत चतुर्वेदी, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत इंडिगो एयरवेज के वाइस प्रेसिडेंट वरूण द्विवेदी ने किया। समारोह में लोक गायिका राखी द्विवेदी ने मनोहारी लोकगीत गाए। इंदौर से प्रथम फ्लाइट से आने वाले सभी यात्रियों का रीवा में भव्य स्वागत किया गया। राम दरबार सामाजिक संस्था के सदस्यों ने पुष्पवर्षा और वैदिक मंत्रों से यात्रियों का स्वागत किया। समारोह में विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने शाल, श्रीफल और सुपारी से बने स्मृति चिन्ह देकर नगरीय विकास मंत्री का सम्मान किया। समारोह में इंदौर से रीवा आये अतिथियों का गुदुम्ब बाजा एवं शैला लोकनृत्य द्वारा स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप

### फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक आज

**रीवा।** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप प्रकाशन उपरांत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक 23 दिसंबर को आयोजित की गयी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एसके बेक ने बाणसागर सभागार में शाम 4 बजे से आयोजित बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना से डेयरी व्यवसाय का सुनहरा अवसर

**रीवा।** पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। इस योजना में 75 प्रतिशत राशि बैंक ऋण के माध्यम से दी जाती है। शेष 25 प्रतिशत राशि हितग्राही को अंशदान के रूप में देनी होती है। योजना में 7 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति अनुदान का भी लाभ दिया जाता है। इस संबंध में संयुक्त संचालक डीएस बघेल ने बताया कि योजना के लिए पशुपालक के पास कम से कम 5 पशु और एक एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। पशुओं की संख्या में वृद्धि होने पर उसी के अनुपात में कृषि भूमि का निर्धारण किया जाता है। योजना की एक इकाई में 5 भैंस होने पर 4 लाख 25 हजार रुपए तथा 5 शंकर नस्ल की गाय होने पर 3 लाख 82 हजार रुपए एवं देशी गाय होने पर 2 लाख 43 हजार 750 रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। 10 दुधारू पशुओं के होने पर 10 भैंसों में 8 लाख 40 हजार, शंकर गाय के लिए 7 लाख 51 हजार रुपए तथा 10 देशी गाय के लिए 4 लाख 75 हजार रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। इस योजना में सामान्य वर्ग के पशुपालक को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपए मार्जिन मनी सहायता के रूप में दिया जाता है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम 2 लाख रुपए मार्जिन मनी के रूप में दिया जाता है। पशुपालन विभाग के माध्यम से प्रकरण बैंकों में भेजे जाते हैं। बैंक से प्रकरण स्वीकृत होने के बाद हितग्राही को इकाई लागत की राशि प्रदान की जाती है। इस योजना में इकाई लागत की 75 प्रतिशत राशि पर बैंक की कुल ऋण राशि में 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान दिया जाता है। इसकी राशि अधिकतम 25 हजार रुपए प्रतिवर्ष निर्धारित है। जिले में कई पशुपालक इस योजना से सफलतापूर्वक डेयरी इकाई संचालित कर रहे हैं।

### जिला अस्पताल में आज लगेगा शिविर

**रीवा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 23 दिसम्बर को कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय बिछिया रीवा में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में नवजात से लेकर 18 साल तक के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ति बच्चों की स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग तथा नारायण हृदयालय एसआरसीसी चिल्ड्रेन हास्पिटल मुंबई द्वारा किया जा रहा है। शिविर में हृदय रोग से पीड़ति पाए गए बच्चों का इसी अस्पताल में ऑपरेशन एवं अन्य उपचार होगा। नवजात शिशुओं में होठ एवं नाखून के नीला पड़ने, सांस के तेज चलने, बच्चों का थोड़ी देर खेलने पर ही थक जाने, हाथ एवं पैर की उंगली के अगले हिस्से में लगातार सूजन रहना हृदय रोग के प्रारंभिक लक्षण हैं। समय पर जाँच और उपचार से सभी बच्चे स्वस्थ हो जाते हैं। शिविर में बच्चों की जाँच के लिए पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीयन कराने के लिए विष्णु प्रताप सिंह मोबाइल नम्बर 9926004216, उपेन्द्र शुक्ला मोबाइल नम्बर 9691556442 तथा जयश्री द्विवेदी मोबाइल नम्बर 7247485167 पर संपर्क किया जा सकता है। शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक मशीनों से निःशुल्क जाँच की जाएगी।



## सांसद खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

रीवा।

मऊगंज, सांसद खेल महोत्सव के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शहीद केदार नाथ महाविद्यालय मऊगंज में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल,मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा,पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी,मऊगंज एसडीएम,संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुर,गोल्फ आर्मी चैंपियनशिप विजेता भूतपूर्व सैनिक संजय पाण्डेय,राष्ट्रीय खिलाड़ी मौजूद रहे। आयोजन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सभी कोच एवं शिक्षा विभाग के सभी पीटीई और स्थानीय कोच एवं खिलाड़ी शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए खेल एवं युवा कल्याण विभाग टीम द्वारा अतिथिगणों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और हारे हुए प्रतिभागियों को अगले साल और भी मेहनत करने को कहा। साथ ही सभी खिलाड़ियों को स्वस्थ रहने की शुभकामनाएँ दी।

## जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न




रीवा।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ज्ञानस्थली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में किया गया। यह कार्यक्रम समाज में लैंगिक समानता, बाल एवं महिला अधिकारों की सुरक्षा तथा हिंसा के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि विश्वेश्वरी मिश्रा प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड ने उद्बोधन में बच्चों को किशोर न्याय अधिनियम, बाल अधिकारों एवं कानून की भूमिका की जानकारी देते हुए कहा कि समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव एवं हिंसा को समाप्त करने में युवाओं और विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने एवं कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। वि शि ष्ट अतिथि समीर मिश्रा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रीवा ने निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श सेवाओं एवं लोक अदालत की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभय मिश्रा जिला विधिक अधिकारी द्वारा कानून की विभिन्न धाराओं, महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े अधिनियमों तथा न्यायिक प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। वन स्टॉप सेंटर की श्रीमती श्रुति मिश्रा, रेणु मिश्रा, रेखा चतुर्वेदी (केस वर्कर) एवं क्षितिज तिवारी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को दी जाने वाली समग्र सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में विद्यालय के निदेशक प्रणव सिंह एवं प्राचार्य सलोनी बत्रा स्वागत करते हुए ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं बच्चों में नैतिक मूल्यों, समानता एवं संवेदनशीलता को विकसित करने में सहायक होती हैं।

## नगर निगम में टीएल व सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



रीवा।

नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सोमवार को निगम कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित कर टीएल एवं सीएम हेल्पलाइन से जुड़े प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लंबित शिकायतों के शीघ्र एवं संतोषजनक निराकरण पर विशेष जोर देते हुए लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निगम आयुक्त ने शहर में बेसमेंट पार्किंग को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी जोनों में यह अभियान निरंतर जारी रखा जाए, ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। वहीं विवाह सीजन को देखते हुए उन्होंने सभी बारात घरों का पूर्व निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। नियमों का उल्लंघन करने वाले विवाह घरों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कार्रवाई में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।वार्ड क्रमांक 39 स्थित सामुदायिक भवन से संबंधित प्रकरण में अपेक्षित कार्रवाई न होने पर निगम आयुक्त ने उपयंत्री एवं सहायक यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के मामलों की समीक्षा के दौरान उन्होंने 50 दिनों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी लंबित शिकायतों का तथ्यों के आधार पर संतोषजनक निराकरण करते हुए प्रतिवेदन दर्ज करने को कहा गया। लेवल-1 पर ही शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। स्वच्छता से संबंधित मामलों पर निगम आयुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सभी स्वच्छता शिकायतों का निराकरण 2 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण के नवीन टूलकिट की समीक्षा कर शहर की स्वच्छता व्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए गए।अवैध कॉलोनियों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त ने रिक्त भूमि न छोड़ने वाले मामलों में प्राप्त दावा-आपत्तियों के संबंध में गठित समिति को अंतिम निर्णय शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अंतिम निर्धारण नहीं किया जाता, तब तक समिति में शामिल अधिकारियों का वेतन रोका जाएगा। टीएल प्रकरणों में अपेक्षित कार्रवाई न करने एवं बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर जोन क्रमांक 02, 03 एवं 04 के स्वच्छता निरीक्षकों को एक दिन का अवैतनिक अवकाश देने के निर्देश दिए गए। वहीं अवैध नल कनेक्शन की शिकायतों पर निगम आयुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे कनेक्शन तत्काल काटे जाएं, संबंधित पर जुर्माना अधिरोपित किया जाए तथा शासकीय संपत्ति से छेड़छाड़ व क्षति पहुंचाने के मामलों में एफआईआर की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

## स्कूल से घर जा रही छात्रा को बोलेरो ने मारी टक्कर, हालत गंभीर




**रीवा।** स्कूल से साइकिल से घर जा रही छात्रा को तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दिया जिससे छात्र सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई घटना गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिहिया की है,घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर तकरीबन 2 बजे एक छात्रा डिहिया स्कूल से छुट्टी होने के बाद साइकिल से अपने घर की ओर जा रही थी,इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने छात्रा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्रा की साइकिल दूर जा गीरी जबकि छात्रा उछलकर सड़क पर गिर गई , इस सड़क हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हुई है परिजनों सहित स्थानीय लोगों द्वारा छात्रा को तत्काल उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है वहीं घटना के बाद बोलेरो सहित चालक मौके से फरार हो गया है।

## हनुमना महाविद्यालय में छात्र सुरक्षा और अव्यवस्थाओं को लेकर NSUI का उग्र आंदोलन

### तीन घंटे तक महाविद्यालय के मुख्य द्वार का ताला बंद रहा

मऊगंज

जिले के हनुमना शासकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, शिक्षा व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को लेकर सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) ने जोरदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय में बढ़ती अव्यवस्थाओं से नाराज NSUI कार्यकर्ताओं ने मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी, जिससे करीब तीन घंटे तक शिक्षण कार्य पूरी तरह बाधित रहा। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर पहुंचना पड़ा।जानकारी के अनुसार, सोमवार 22 दिसंबर की दोपहर NSUI के ब्लॉक अध्यक्ष रितेश गुप्ता के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं का विशाल समूह महाविद्यालय पहुंचा और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से महाविद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालात नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों ने भारी पुलिस बल की तैनाती की।प्रदर्शनकारियों ने आरोप



लगाया कि कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है, वहीं करीब 1000 विद्यार्थियों के लिए मात्र दो कक्षाओं में पढ़ाई करवाई जा रही है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा कई विषयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं, विशेषकर केमिस्ट्री विषय में लंबे समय से शिक्षक की कमी बनी हुई है। छात्रों ने शुद्ध पेयजल, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता और कॉलेज गेट पर भारी वाहनों एवं कचरे की समस्या का मुद्दा भी उठाया।आंदोलन की सूचना पर एसडीओपी सचि पाठक और एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी मौके पर पहुंचीं और छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। एसडीएम ने बताया कि महाविद्यालय वर्तमान में पुरानी और क्षतिग्रस्त स्कूल बिल्डिंग में संचालित हो रहा है, जहां सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने छात्र सुरक्षा, स्टाफ की कमी और अन्य समस्याओं को शासन स्तर पर भेजे जाने का आश्वासन दिया।अधिकारियों से लिखित आश्वासन मिलने के बाद तीन घंटे तक चला आंदोलन समाप्त हुआ। इस उग्र प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष रितेश गुप्ता और अनुराग यादव द्वारा किया गया तथा आंदोलन पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अव्यवस्थाओं को दूर करने की मांग दोहराई।छात्रों का कहना है कि यदि समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और अधिक व्यापक रूप ले सकता है।